Chapter- 12

एक सीख

STUDY NOTES

विषय सारांश:

यह कहानी एक लड़की मीना की है जो बहुत ही लापरवाह थी। वह सफ़ाई का ज़रा भी ध्यान नहीं रखती थी यही बुरी आदत के कारण उसकी माँ उससे बहुत परेशान थी। एक दिन मीना अपनी सहेली गीता के घर गई। उसकी सहेली गीता बहुत ही समझदार व सफ़ाई पसंद थी। गीता ने मीना को खाने के लिए फल दिए और मीना फल खाकर उसके छिलके व बीज ज़मीन पर फेंक दिए लेकिन गीता की छोटी बहन इन्हें उठाकर कूड़ेदान में डाल दिया। यह सब देखकर मीना बहुत लज्जित हुई। उस दिनसे वह अपनी आदतों को सुधारने का निश्चय किया और सफ़ाई पसंद बन गई।

शिक्षण प्रतिफल: हमें हमेशा अपना आसपास साफ़ सुथरा रखना चाहिए तथा अपनी बुरी आदतों को सुधारने की कोशिश करनी चाहिए।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

कठिन शब्द तथा उनके अर्थ

लापरवाह – बेफ़िक्र

समझदार – अक्लमंद

लज्जित – शर्मिंदा

सफ़ाई - स्वच्छता

अभ्यास कार्य

मौखिक

१. श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास

लापरवाह

कूड़ेदान

सफ़ाई

लज्जित

छिलके

निश्चय

कोशिश

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

२. कम से कम शब्दों में उत्तर बताइए –

क) मीना किसका ध्यान नहीं रखती थी ?

उ - मीना सफ़ाई का ध्यान नहीं रखती थी।

ख) मीना की आदत से कौन परेशान था ?

उ - मीना की आदत से उसकी माता जी परेशान थी।

ग) मीना की सहेली का क्या नाम था ?

उ - मीना की सहेली का नाम गीता था।

लिखित

१. सही वाक्य के सामने (✓) तथा गलत वाक्य के सामने गलत (X) का निशान लगाइए -

क) मीना लापरवाह लड़की थी। (✓)

ख) उसकी माता जी उससे परेशान थी। (✓)

ग) मीना ने संतरे खाकर छिलके कूड़ेदान में फेंके। (X)

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क) मीना कैसी लड़की थी ?

उ - मीना बहुत ही लापरवाह लड़की थी।

ख) उसकी कौन सी आदत बुरी थी ?

उ - मीना सफ़ाई का ज़रा भी ध्यान नहीं रखती थी उसकी यही आदत बुरी थी।

ग) मीना किसके घर गई ?

उ - मीना अपनी सहेली गीता के घर गई।

घ) लता ने नीचे फेंके छिलकों का क्या किया ?

उ - लता नीचे फेंके छिलकों को उठाकर कूड़ेदान में डाल दिया।

ङ) मीना क्या देखकर लज्जित हुई ?

उ - मीना ने देखा उसके द्वारा फेंके गये छिलके व बीज उठाकर गीता की छोटी बहन लता ने कूड़ेदान में डाल दिया। यह देखकर मीना बहुत लज्जित हुई।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

भाषाज्ञान -

१. **दिए गए शब्दों के उलटे अर्थ वाले शब्द लिखिए -**

सफ़ाई - गंदगी

समझदार – नासमझ

नीचे – ऊपर

परवाह – लापरवाह

छोटी – बड़ी

ज़मीन – आसमान

२. **दिए गए अशुद्ध-शुद्ध शब्दों को पढ़िए और समझिए –**

अशुद्ध	**शुद्ध**
आजाद	आज़ाद
परिक्षा	परीक्षा
दिवार	दीवार
एनक	ऐनक
धयान	ध्यान
सहैली	सहेली
लजित	लज्जित
निशचय	निश्चय

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

३. **अशुद्ध शब्दों पर गोला ◯ लगाइए –**

लापरवाह   (बिमारी)   (कोसिश)   सहेली

कूड़ेदान   सफ़ाई   (छीलके)   (बहूत)

(वृक्षा)   निश्चय

उत्तर – अशुद्ध शब्द – बिमारी, कोसिश, छीलके, बहूत, वृक्षा

४. **विषय संवर्धक क्रियाकलाप –**

अच्छे बच्चे कैसे होते हैं ?

उ – क) अच्छे बच्चे बड़ों की बात मानते हैं।

ख) काम समय पर करते हैं।

ग) साफ सफ़ाई का हमेशा ध्यान रखते हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

<u>अतिरिक्त प्रश्न</u>

१. समानार्थक शब्द लिखें (पृष्ठ संख्या – ७२)

बादल - जलद, घन

पेड़ - वृक्ष, तरू

सूरज - रवि, सूर्य

फूल - सुमन, पुष्प

चाँद - चंद्रमा, शशि

२. उलटे अर्थ वाले शब्द लिखें (पृष्ठ संख्या ७१)

रात	-	दिन
मोटा	-	पतला
बड़ा	-	छोटा
ऊपर	-	नीचे
ठंडा	-	गरम
सरदी	-	गरमी
हँसना	-	रोना
सोना	-	जागना
धरती	-	आकाश

◆◆◆

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow